बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in , Email-bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 31/03/2023

अधिसूचना

संख्या-नि॰प्रा॰/नि॰ 5-02/2022..660...बिहार स्वाबलंबी सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम, 2013 (बिहार अधिनियम-7, 2013) द्वारा यथा संशोधित बिहार स्वाबलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के अधीन राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी स्वाबलंबी सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति/ बोर्ड/ निदेशक मंडल के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **अभ्युदय बचत एवं साख स्वाबलंबी सहकारी समिति लि0, लालूचक भट्टा रोड, ईशाचक, भागलपुर** के निर्वाचन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, भागलपुर सदर को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

3. अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी उक्त समिति के निर्वाचन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/ उप समाहर्त्ता को उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

4. अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियॉ), भागलपुर के निर्देशन एवं नियंत्रण में उक्त समिति का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. उक्त सभी पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा 4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का संचालन करेंगे।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 660 पटना/ दिनांक 31/03/2023

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 660 पटना/ दिनांक 31/03/2023

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 660 पटना/ दिनांक 31/03/2023

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, भागलपुर/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), भागलपुर/ अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी, भागलपुर सदर/ प्रशासक/ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अभ्युदय बचत एवं साख स्वाबलंबी सहकारी समिति लि0, लालूचक भट्टा रोड, ईशाचक, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।